



## कोहली या स्मिथ, इयान चैपल ने चुना अपना फेवरिट बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान इयान चैपल ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर स्टीव स्मिथ में से अपनी नजर में बेहतर क्रिकेटर चुना है। कोरोना वायरस महामारी के चलते फिलहाल कोई क्रिकेट नहीं हो रहा है और ऐसे में पुराने और मौजूदा क्रिकेटर सोशल मीडिया के जरिए लोगों के जुड़े रहने का प्रयास कर रहे हैं।

चैपल से ट्विटर पर बातचीत में पूछा, कि स्मिथ और कोहली में से अगर आप किसी एक को चुनना चाहें तो? तो चैपल ने जवाब दिया, कप्तान के रूप में या बल्लेबाज के रूप में?

इस पर दोबारा कहा गया, आप ही बताइए, चैपल ने जवाब दिया, मैं बतौर कप्तान और बल्लेबाज दोनों के रूप में कोहली को चुनूंगा।

### स्मिथ एक अच्छे प्रतिस्पर्धी

स्मिथ हालांकि एक अच्छे प्रतिस्पर्धी हैं, लेकिन चैपल ने कोहली को चुना, जिन्हें दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कहा जाता है। उन्होंने कोहली को बतौर कप्तान भी बेहतर चुना। चौपल ने ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शामिल रहे हैं। चौपल ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 75 टेस्ट और 16 वनडे इंटरनैशनल मैच खेले।

# टीम इंडिया ने गंवाया नंबर 1 का ताज, ऑस्ट्रेलिया पहुंचा टॉप पर

**टेस्ट रैंकिंग**

## भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। भारत ने शुक्रवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान ऑस्ट्रेलिया को गंवा दिया और नियमों के अनुसार सालाना अपडेट से 2016–17 के शानदार रेकॉर्ड के हटाए जाने के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया। भारत ने अक्टूबर 2016 के बाद पहली बार टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया था और आईसीसी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप में इस बढ़त को कायम रखा।

**क्यों गंवाया भारत ने नंबर वन का ताजः** टेस्ट चौम्पियनशिप लीग में छह सीरीज शीर्ष नौ टीमों के बीच खेली गईं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के बयान के अनुसार भारत ने अपना स्थान इसलिए गंवाया क्योंकि उसके 2016–17 में 12 टेस्ट जीत के रेकॉर्ड और एक टेस्ट हार को ताजा रैंकिंग से हटा दिया गया।

**भारत का प्रदर्शन रहा था शानदार**



विराट कोहली की टीम ने उस समय अपनी सभी पांचों सीरीज जीती थीं जिसमें ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज भी शामिल थीं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया इस दौरान साउथ अफ्रीका और भारत दोनों से हार गया था। इस ताजा अपडेट में मई 2019 के बाद खेले गए सभी मैचों की शत प्रतिशत और इससे पिछले दो वर्षों की 50 प्रतिशत रेटिंग जोड़ी गई है।

**इंग्लैंड वनडे में टह्रप पर**

वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम टेस्ट रैंकिंग में ही शीर्ष पर नहीं पहुंची बल्कि उसने पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय सूची में भी नंबर एक स्थान हासिल कर लिया जबकि 2016–17 के नतीजों को हटाने के बाद सालाना अपडेट में इंग्लैंड की टीम पुरूष वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार है।

**भारत पहुंचा तीसरे पर, साउथ अफ्रीका को सबसे ज्यादा नुकसान**

ऑस्ट्रेलिया के अब टेस्ट रैंकिंग में 116 अंक हैं जिसके बाद न्यूजीलैंड (115) और भारत (114) का नंबर आता है। तीनों में केवल दो ही अंक का अंतर है और 2003 में शुरू की गई टेस्ट रैंकिंग में यह दूसरा मौका है जब चोटी की तीन टीमों में इतना कम अंतर है। जनवरी 2016 में शीर्ष तीन टीमों के बीच केवल एक अंक का अंतर था जिसमें भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका से केवल एक अंक से आगे थी। साउथ अफ्रीका को सबसे ज्यादा आठ अंक का नुकसान हुआ जिससे वह श्रीलंका से नीचे छठे स्थान पर खिसक गई।

**वनडे में इंग्लैंड की बढ़त मजबूत**

वहीं वनडे टीम रैंकिंग में मौजूदा विश्व चौम्पियन इंग्लैंड (127) ने भारत पर अपनी बढ़त छह से बढ़ाकर आठ अंक की कर ली। न्यूजीलैंड की टीम भारत से तीन अंक पीछे तीसरे स्थान पर बरकरार है। शीर्ष 10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# धोनी को चालाक और युवराज सिंह को रॉकस्टार मानते हैं यूसुफ पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आईपीएल में विस्फोटक बल्लेबाजों में शुमार और टीम इंडिया के ऑलराउंडर खिलाड़ी यूसुफ पठान अपने पूर्व कप्तान एमएस धोनी को चालाक खिलाड़ी मानते हैं, जबकि धोनी के कार्यकाल में उपकप्तान रहे युवराज सिंह को उन्होंने रॉकस्टार बताया है। इसके अलावा पठान ने शेन वॉर्न और गौतम गंभीर को सबसे उम्दा कप्तान करार दिया है। यूसुफ क्रिकट्रैकर के साथ लाइव इंस्टाग्राम चौट पर अपने खेल और करियर की बातें कर रहे थे।

इस दौरान सीनियर पठान को एक–एक शब्द में अपने साथी क्रिकेटर्स को परिभाषित करने का



टास्ट मिला, तो उन्होंने धोनी को क्लेवर (चालाक) और युवी को (रॉकस्टार) बताया। इस चौट सेशन में इस बल्लेबाज ने दिग्गज लेग स्पिनर और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के पूर्व कप्तान शेन वॉर्न और कोलकाता नाइट राइडर्स के पूर्व कप्तान गौतम गंभीर की कप्तानी की भी जमकर तारीफ की।

वॉर्न की कप्तानी में खेलते हुए यूसुफ की तब की टीम राजस्थान ने आईपीएल का पहला ही खिताब अपने नाम किया था। उस समय रॉयल्स को लीग की सबसे कमजोर टीम आंका जा रहा था और उसने पहला ही खिताब जीतकर सभी को चौंका दिया था। पठान ने कहा वॉर्न ही ऐसे खिलाड़ी थे, जो रॉयल्स की टीम को जीतना सिखा सकते थे। वह जानते थे कि सीमित संसाधनों में भी कैसे टीम को विजेता बनाया जाता है।

इसके बाद उन्होंने केकेआर के अपने कप्तान गौतम गंभीर की भी जमकर तारीफ की। जब यूसुफ केकेआर के साथ थे, तब केकेआर ने दो खिताब (2012 और 2014) अपने नाम किए थे। पठान के कहा कि गंभीर बेहद भावुक खिलाड़ी थी और वह अपने खिलाड़ियों की बहुत चिंता करते थे, जो प्लेइंग इलेवन में नहीं होते थे गंभीर उनकी भी चिंता किया करते थे।

## रोजर फेडरर के समर्थन समर्थन में उतरे बोरिस बेकर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी बोरिस बेकर ने भी एटीपी और डब्ल्यूटीए के आपस में विलय की रोजर फेडरर की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि कोरोना वायरस के इस दौर में सभी संस्थाओं को मिलकर कोई समाधान ढूंढना होगा। बेकर ने कहा, श्मार्च से किसी तरह का आधिकारिक टेनिस नहीं हो रहा है, इसलिए मुझे लगता है कि सभी संचालन संस्थाओं के पास एक मंच पर आने का यह अच्छा मौका है। स्विस स्टार फेडरर ने हाल में पुरुष टेनिस की संचालन संस्था एटीपी और महिला टेनिस की संस्था डब्ल्यूटीए के आपस में विलय की मांग की थी। लॉरेस स्पोर्ट की यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार बेकर ने कहा, रोजर फेडरर ने सभी संस्थाओं के एकीकरण का शानदार विचार देकर शुरुआत कर दी है और मुझे लगता है कि (राफेल) नडाल भी सहमत है। हर शीर्ष खिलाड़ी सहमत न हो, कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन मुझे लगता है कि फेडरर, नडाल और (नोवाक) जोकोविच के बीच अच्छा तालमेल है। उन्होंने कहा, हमारे यहां बड़े टूर्नमेंटों में महिला और पुरुषों के लिए समान पुरस्कार राशि है। हम समय के साथ प्रगतिशील रहे हैं।

## न्यूज डायरी



### उमर अकमल को मिर्गी की बीमारी, वह खुद के लिए खेलते हैं: नजम सेठी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष नजम सेठी ने खुलासा किया है कि प्रतिबंधित बल्लेबाज उमर अकमल को मिर्गी के दौरे पड़ते हैं, जिसके लिए उन्होंने उपचार लेने से इंकार कर दिया था। उमर पर हाल में पाकिस्तान सुपर लीग से पहले भ्रष्ट लोगों से संपर्क की सूचना नहीं देने के कारण 3 साल का प्रतिबंध लगाया गया है। नजम सेठी 2013 से 2018 तक पीसीबी के अध्यक्ष और कार्यकारी समिति के प्रमुख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब वह बोर्ड के अध्यक्ष बने तो उन्होंने जिस पहली समस्या का सामना किया वह उमर (अकमल) से जुड़ी थी। सेठी ने एक टीवी चौनल से कहा, श्हमारे पास मेडिकल रिपोर्ट थी, जिसमें पुष्टि की गई थी उन्हें मिर्गी के दौरे पड़ते हैं और हमने उन्हें वेस्टइंडीज से वापस बुला लिया। जब मैं उनसे मिला तो मैंने कहा कि यह गंभीर समस्या है और उन्हें विश्राम लेकर उचित उपचार कराने की जरूरत है। लेकिन वह यह मानने के लिए तैयार ही नहीं थे।

### अब सानिया मिर्जा हर्ट अवॉर्ड के लिए नामित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की स्टार टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा गुरुवार को फेड कप हर्ट पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्हें एशिया/ओशियाना क्षेत्र से इंडोनेशिया की प्रिस्का मेडेलिन नुगरोरहो के साथ नामित किया गया है। सानिया ने हाल में चार साल बाद फेड कप टेनिस टूर्नमेंट में वापसी की थी।

दर्शकों के बीच अपने 18 महीने के बेटे इजहान की मौजूदगी में सानिया ने भारत को पहली बार फेड कप के प्ले ऑफ में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की ओर से जारी बयान में सानिया ने कहा, '2003 में पहली बार भारतीय पोशाक में कोर्ट पर उतरना मेरे लिए गौरवपूर्ण लम्हा था। तब से मैंने 18 साल का लंबा सफर तय किया है। भारतीय टेनिस की सफलता में योगदान देकर मैं गौरवांवित महसूस कर रही हूं।'

### इस साल कोई ओलिंपिक क्वॉलिफायर नहीं, विश्व रैंकिंग पर रोकः विश्व तीरंदाजी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। विश्व तीरंदाजी ने यह फैसला लिया कि कोरोना वायरस महामारी के कारण इस साल कोई ओलिंपिक क्वॉलिफायर नहीं होगा और विश्व रैंकिंग पर भी रोक लगा दी। विश्व तीरंदाजी ने अगस्त के आखिर तक के लिए सारे अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट स्थगित कर दिए। इस साल के आखिरी कुछ महीनों के लिए कैलेंडर भी तैयार किया गया है। विश्व तीरंदाजी ने एक बयान में कहा, 'इस साल आगे कोई ओलिंपिक क्वॉलिफायर नहीं होंगे। सभी 2021 में होंगे। विश्व रैंकिंग पर भी रोक लगा दी गई है।' पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नमेंट 30 अप्रैल तक स्थगित किए गए थे जो बाद में 30 जून तक और फिर 31 अगस्त तक स्थगित कर दिए गए। बयान में कहा गया, 'विश्व तीरंदाजी के कार्यकारी बोर्ड ने सभी अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाएं 31 अगस्त 2020 तक के लिए टाल दी हैं।

### रोस टेलर बने न्यूजीलैंड के बेस्ट क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। अनुभवी बल्लेबाज रोस टेलर को शुक्रवार को न्यूजीलैंड का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने तीनों प्रारूप में शानदार प्रदर्शन के लिए तीसरी बार रिचर्ड हैडली पदक हासिल किया। टेलर इस सत्र में स्टीफन फ्लेमिंग को पीछे छोड़कर टेस्ट क्रिकेट में न्यूजीलैंड की तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। यही नहीं वह तीनों प्रारूप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर भी बने। उन्होंने पिछले सत्र में सभी प्रारूपों में 1389 रन बनाए और जुलाई में न्यूजीलैंड की टीम को विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। टेलर ने तीन दिन तक चले वर्चुअल पुरस्कार समारोह के समापन के बाद पत्रकारों से कहा, यह सत्र उतार चढ़ाव से भरा रहा। वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचना और फिर उसे गंवाना। बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच का हिस्सा बनना और वहां न्यूजीलैंड के समर्थकों का अपार समर्थन मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। न्यूजीलैंड के महानतम क्रिकेटर हैडली ने टेलर को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने वीडियो लिंक के जरिये कहा, मैं आपको 2006 से खेलते हुए देख रहा हूं।